सत्र - 2022-23

Genius Page: ____ Date: / /

# I.Q.A.C बैठक की सूचना

दिनाँक - 22-02-2022

महाविद्यालयीन I.Q.A.C. समिति की बैठक का आयोजन दिनाँक 22/02/2022 को रखा गया है, जिसमें समिति के सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। इस बैठक में महाविद्यालयीन प्रबंधकीय व्यवस्था को सुनियोजित करने हेतु परिचर्चा की जावेगी। अतः उपस्थिति सुनिश्चित करें।

एजेण्डा :-

* NAAC प्रत्यायन की गुणात्मक / मात्रात्मक पहलू के समस्त विषयों से संबंधित मुद्दे।
* वार्षिक परीक्षा के आयोजन संबंधी मुद्दे।
* महाविद्यालयीन मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता संबंधी मुद्दे।
* NSS व खेलकूद की गतिविधियों से जुड़े पहलू।
* जैविक खाद निर्माण व अन्य पर्यावरण हितैषी मुद्दों पर चर्चा।
* अन्य मूलभूत सुविधाओं के मेण्टनेन्स विषयक।

समन्वयक

प्राचार्य
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय उदयपुर
जिला सरगुजा (छ.ग.)

Page: ______
Date: / /

सत्र 2022-23

I.Q.A.C बैठक आयोजना

आज दिनांक 26/02/2022 को महाविद्यालय की IQAC सदस्यों की बैठक IQAC प्रभारी की उपस्थिति तथा प्राचार्य की अध्यक्षता में प्राचार्य कक्ष में सम्पन्न हुई। प्रशासकीय, शैक्षणिक समीक्षा की इस चर्चा में समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण भी उपस्थित हुए, जिनके नाम निम्नवत् हैं:-

1. प्राचार्य (पदेन अध्यक्ष)
2. सुश्री पूर्णिमा सूर्यवंशी (समन्वयक)
3. श्रीमति गिरिजा सिंह (प्रयोगशाला सहायक)
4. श्री रवि प्रताप सिंह (सहा. ग्रेड-2)
5. श्री सुभाष शुक्ला (तहसीलदार, उदयपुर)
6. श्री दिलीप गुप्ता (NGO रेहाना फाउण्डेशन) — दिलीप गुप्ता
7. सिकन्दर सिंह (BSC III) — सिकन्दर
8. आकाश हलदार (एलुमिनाई) — Akash
9. श्री जगदीश प्रसाद नेताम

बैठक की कार्यवाही :- ① NAAC मूल्यांकन के लिए महाविद्यालय की समस्त अधोसंरचना को अद्यतन करने का निश्चय किया गया।

② शासन के निर्देशानुसार आनलाईन / आफलाइन परीक्षा के सुनियोजित व्यवस्थापन तथा तकनीकी व प्रबंधकीय कार्यों के संबंध में युक्तिसंगत अनुशंसाएँ की गई।

③ महाविद्यालय में पेयजल व्यवस्था, लाईट, पंखे, कैमरे इत्यादि के मेन्टेनेन्स करने और बैठक व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की अनुशंसा की गई।

④ कोविड महामारी की परिस्थिति के अनुसार छात्रों को खेलकूद और NSS की गतिविधियों में भागीदारी हेतु प्रेरित करने के लिए निश्चय प्रकट किया गया।

⑤ छात्र वर्ग और महाविद्यालय से जुड़े सामाजिक सम्पर्कों में जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ावा देने संबंधी जागरूकता अभियान चलाने हेतु सहमति।

समन्वयक

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय उदयपुर
जिला सरगुजा (छ.ग.)
Signature............

Genius
Page:
Date: / /

# आईक्यूएसी (I.Q.A.C.) बैठक की सूचना

॥ × ॥ ×

दिनांक
07-09-2022

आईक्यूएसी समिति के समस्त अधिकारियों और सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 09-09-2022 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक प्राचार्य कक्ष में आयोजित की जावेगी, जिसमें सभी की उपस्थिति अनिवार्य है। इस बैठक में NAAC तैयारियों के सम्बन्ध में आवश्यक विमर्श किया जाएगा और महाविद्यालय की आन्तरिक और बाह्य अधोसंरचना के विकास संबंधित मुद्दों पर निर्णय लिया जावेगा, अतः बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

एजेण्डा :-

* NAAC मूल्यांकन की तैयारियों की समीक्षा करना।
* आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित करना।
* क्राइटेरिया के अनुसार विभागों और आइक्यूएसी में फ़ाईल का रिकॉर्ड तैयार करना।
* महाविद्यालय में इन्टरनेट सुविधा हेतु व्यवस्था कार्य करना।
* प्रायोगिक पाठ्यक्रम वाले विषयों हेतु आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था करना।

[signature]

PRINCIPAL
Govt.Raikumar Dheeraj Singh
College Udaipur
Distt.Surguja(C.G.)

09/09/2022

"आईक्यूएसी बैठक का आयोजन"

आज दिनांक 09/09/2022 को प्राचार्य कक्ष में आईक्यूएसी की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य महोदय द्वारा की गई। इस बैठक में शामिल होने वाले अधिकारियों और सदस्यों की उपस्थिति एवम् हस्ताक्षर निम्नवत् है -

(1) सुश्री पूर्णिमा सूर्यवंशी - समन्वयक - [signature]
(2) सुश्री सावित्री सिंह - सदस्य - [signature]
(3) श्री मुकेश कुमार रजक - सदस्य - [signature]
(4) श्री ज़ेवियर टोप्पो - सदस्य - [signature]
(5) सुश्री सुमन आर. तिर्की - सदस्य - [signature]
(6) श्री उमेश ओहदार - सदस्य - [signature]
(7) श्री रविप्रताप सिंह -
(8) श्री दिलीप गुप्ता (रेहाना MJS) - सदस्य -
(9) सुश्री सन्ध्या बारी (छात्रा - BSC-II) सदस्य -

बैठक की कार्यवाही :-

* 05/09/2022 को रायपुर में आयोजित प्राचार्य एवम् आईक्यूएसी प्रशिक्षण के संबंध में सभी सदस्यों को कार्यशाला में दी गई जानकारियों से अवगत कराया गया।

* महाविद्यालय के समस्त विभागों को नैक के मानकों के अनुरूप व्यवस्थित करने तथा लाइब्रेरी, लेबोरेटरी में आवश्यक सामग्रियों की पूर्ति हेतु आपसी सहमति व्यक्त की गई।

* अकादमिक कैलेण्डर के अनुरूप सभी विभागों को प्रथम आंतरिक मूल्यांकन की तैयारी करने हेतु प्राचार्य महोदय द्वारा निर्देशित किया गया।

* नैक पीयर टीम के आगमन के सन्दर्भ में महाविद्यालय की दूरसंचार व्यवस्था को सुधारने हेतु आपसी सहमति बनी और साथ ही कॉलेज कैम्पस को वाई-फाई सुविधा से युक्त करने हेतु निर्देशित किया गया।

* महाविद्यालय के बाह्य एवम् आंतरिक भाग को पुताई करने हेतु पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से पत्राचार किया गया, जिसकी समीक्षा की गई और पुनः उक्त कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया गया।

* महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं को लाइब्रेरी से पुस्तकें इश्यू कराने, तथा जमा करने, की समय - सारिणी को अद्यतन किया गया। लाइब्रेरी में छात्र - छात्राओं के बैठकर पढ़ने की सुविधा को दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया।
* एसएसआर की प्रविष्टि में रखे गये सभी दस्तावेजों को क्रमवार क्राइटेरिया के अनुसार फ़ाईलिंग करने के निर्देश दिये गये।
*

PRINCIPAL
Govt.Raikumar Dheeraj Singh
College Udaipur
Distt.Surguja(C.G.)

Genius
Page:
Date: / /

शैक्षिक सत्र 2023-24 सूचना - दिनांक 22/06/2023

॥ × ॥

शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर, सरगुजा में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवम् कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.06.2023 दिन शुक्रवार, दोपहर 12 बजे IQAC की, बैठक कक्ष क्रमांक -01 (आईक्यूएसी कक्ष) में रखा गया है, जिसमें समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है :-

बैठक का एजेण्डा :-

॥ × ॥

1. सत्र 2021-22 का IQAR भरने संबंधी सामान्य परिचर्चा करना।
2. सायकल स्टैण्ड के निर्माण सम्बन्धी आवश्यक चर्चाएँ करना।
3. शैक्षणिक सत्र 2023-24 में एडमिशन के लिए नियमावली एवं कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करना।
4. महाविद्यालय में पेयजल एवम् साफ़-सफ़ाई की व्यवस्था को दुरुस्त करना।
5. इण्टरनेट हेतु वाई-फ़ाई कनेक्टिविटी से संबंधित सुविधाओं का मेण्टनेन्स करना।
6. नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों को यूजीसी HRDC द्वारा होने वाले उन्मुखीकरण कार्यक्रम (Orientation/Induction programme/-Faculty development programme), पुनश्चर्या कार्यक्रम (Refresher) शार्ट टर्म कोर्स इत्यादि के लिए प्रेरित करना।
7. सभी फ़ैकल्टी मेम्बर को शोध पत्र प्रकाशित करने के लिए प्रेरित करना।
8. पुष्पवाटिका एवम् बॉटनिकल गार्डन का विकास।
9. शैक्षणिक सत्र 2023-24 की कक्षा समय सारिणी का निर्माण करना।

Mukesh.. 22.06.23..
I.Q.A.C.-INCHARGE
Govt.RDS College
Udaipur Distt.-Surguja(C.G)

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह
महा.वि.-उदयपुर
जिला-सरगुजा(छ.ग.)

Genius
Page: ________
Date: / /

# आईक्यूएसी बैठक का आयोजन

दिनाँक
23/06/23

शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर जिला सरगुजा में आज दिनाँक 23-06-2023 को प्राचार्य महोदया की अध्यक्षता में आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के बैठक का आयोजन महाविद्यालय के आईक्यूएसी कक्ष क्रमांक-01 में किया गया। इस बैठक में उपस्थित होने वाले अधिकारियों के नाम तथा सम्मुख हस्ताक्षर निम्नलिखित हैं।

1. सुश्री सावित्री सिंह -
2. श्री मुकेश कुमार रजक -
3. श्री ज़ेवियर टोप्पो -
4. सुश्री सुमन आर तिर्की -
5. श्री उमेश ओहदार -
6. सुश्री प्रतिमा कुजूर -
7. श्री रविशंकर मनहर -
8. श्री रविप्रताप सिंह -
9. श्री जे.पी. तिर्की -

23/06/23
प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह
महा.वि.-उदयपुर
जिला-सरगुजा(छ.ग.)

बैठक की कार्यवाही :-

① शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महा. उदयपुर, सरगुजा का NAAC Assessment And Acreditation शिक्षण सत्र 2016-17 से लेकर 2020-21 तक पाँच वर्ष की अवधि का हुआ है। नवीनतम नैक नोटिफ़िकेशन के अनुसार उक्त अवधि में नैक मूल्यांकित कॉलेजों का सत्र 2022-23 में AQAR वार्षिकी तौर पर भरा जाना है। अस्तु, समस्त सदस्यों के मतानुसार सात क्राइटेरिया को परस्पर सहयोग से तैयार कर दिनाँक 15 जुलाई 2023 तक नैक पोर्टल पर अपलोड करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस हेतु समस्त अधिकारियों एवम् कर्मचारियों हेतु सूचना निकालने हेतु प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। सूचना के सन्दर्भ में अधिकारियों के नाम के सम्मुख क्राइटेरिया को पूर्ण करने और नैक पोर्टल पर जमा करने हेतु निर्देश प्रसारित करने का निर्णय लिया गया।

② महाविद्यालय परिसर में कॉलेज स्टाफ़ और छात्र-छात्राओं हेतु पार्किंग स्थल में शेड निर्माण हेतु निर्माण एजेंसियों को किए गए

Signature..............

पत्राचार के आलोक में सायकल स्टैण्ड निर्माण हेतु कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। निर्माण एजेन्सी से अनुरोध कर महाविद्यालय में शिक्षण कार्य प्रारंभ होने से पहले सायकल स्टैण्ड को निर्मित कराने का लक्ष्य रखा गया।

③ सन्त गहिरा गुरु विवि अम्बिकापुर सरगुजा के अधिसूचना क्रमांक - 687/परीक्षा/2023 में प्रथम वर्ष के प्रवेश हेतु तिथि एवम् समय की घोषणा दिनाँक 08/06/2023 को जारी की गई है। उक्त कार्यक्रम के सन्दर्भ में शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करने और एडमिशन को सुगम बनाने हेतु 'महाविद्यालयीन प्रवेश समिति' का गठन किया गया।

④ पेयजल की सुविधा को सुचारु करने के लिए वाटर कूलर एवम् फ़िल्टर को अद्यतन करने का मशविरा किया गया। भूतल के समान ही प्रथम तल में वाटर कूलर लगाने के लिए राय प्रकट किया गया, जिसे अगले कार्यवृत्त में पूर्ण करने हेतु सम्मति प्राप्त किया गया।

⑤ महाविद्यालय में शैक्षणिक एवम् ऑफ़िस कार्य के साथ-साथ नैक पोर्टल की समस्त कार्यप्रणाली को ऑनलाईन पूर्ण करने के लिए इंटरनेट सुविधा हेतु वाई-फ़ाई कनेक्टिविटी के अपग्रेडेशन हेतु कार्ययोजना बनाने, साथ ही बीएसएनएल कम्पनी से मासिक इन्टरनेट बिल पेमेण्ट के मामले को जल्द ही निराकृत कर इन्टरनेट सुविधा जल्द उपलब्ध कराने हेतु कार्य किये जाने की चर्चा की गई।

⑥ शैक्षिक गतिविधियों में गुणवत्ता बढ़ाने के क्रम में यह परिचर्चा की गई कि नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त 'मानव संसाधन विकास केन्द्र' द्वारा होने वाले विभिन्न उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवम् पुनश्चर्या कार्यक्रम में भागीदारी करने हेतु प्रेरित किया जाए। इस आशय की पूर्ति हेतु महाविद्यालय के प्राध्यापकों को क्रमशः उन्मुखीकरण कार्यक्रम में भागीदारी करने हेतु निर्णय लिया गया। साथ ही रिसर्च प्रोग्राम में कार्य करने और शोध प्रकाशित करने के लिए प्रेरित किया गया।

⑦ महाविद्यालय की शिक्षण-सत्र प्रारंभ होने के साथ ही चतुर्मास-वर्षा ऋतु की अवधि में महाविद्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों छात्र-छात्राओं को परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल कर

Signature..............

Genius
Page: ______
Date: / /

अधिकाधिक वृक्षारोपण किया जावे, इस आशय की चर्चा कर निकट भविष्य में पुष्पवाटिका विकसित करने, और बॉटनिकल गार्डन तैयार करने हेतु योजना निर्माण किया गया।

(8). शैक्षणिक सत्र 2023-24 में सभी कक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु कक्षा समय-सारिणी को आवश्यकतानुसार नियोजित करने, तथा करिक्युलर एक्टिविटी के साथ-साथ, को-करिकुलर एवम् एक्स्ट्रा-को-करिकुलर गतिविधियों को बढ़ाने हेतु आवश्यक कार्य करने तथा एक्सपीरिएन्शल लर्निंग को बढ़ावा देने हेतु योजना निर्माण किया गया।

(9). बैठक के दौरान यह तथ्य संज्ञान में लाया गया कि वॉलीबाल और फुटबाल खिलाड़ियों हेतु मैदान में स्थापित किये गये सभी आयरन पोल को यथाशीघ्र पेंट किया जावे, ताकि उसे जंक लगने से बचाया जा सके, अतएव उक्त कार्यवाही को शीघ्र पूरा करने हेतु संबंधितों को निर्देश दिया गया।

(10). शिक्षण कार्य में दक्षता बढ़ाने और शिक्षण गतिविधि की पूरी प्रक्रिया को रोचक बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को तत्संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिया गया।

(11) बैठक के समापन में सभी सदस्यों द्वारा प्राचार्य महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और उनके अनुमति से बैठक के समापन की घोषणा की गई।

[signature] 23.06.2023
I.Q.A.C.-INCHARGE
Govt.RDS College
Udaipur Distt.-Surguja(C.G.)

[signature] 23/06/23
for प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह
महा.वि.–उदयपुर
जिला–सरगुजा(छ.ग.)